पढ़े चलो, बढ़े चलो
Samagra Shiksha Abhiyan (Secondary Education)

# प्रश्न बैंक

# 2021—22

# विषय: हिन्दी

## कक्षा : 12वीं

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र.**

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

# प्रश्न बैंक निर्माणकर्ता

- **डॉ. मीनाक्षी दुबे**
  (उ.मा.शि.)
  विषय विशेषज्ञ, स्टेट असेसमेंट सेल,
  लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

- **डॉ. चित्रा पिल्लै**
  (उ.श्रे.शि.)
  शासकीय उ.मा.वि. निशातपुरा, भोपाल

- **डॉ. धीरज कुमार शर्मा**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला मंदसौर

- **श्री कमलदीप बैरागी**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला देवास

# ब्लू प्रिंट (संशोधित) विषय हिन्दी 2021-22

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2021–22
BLUE PRINT OF QUESTION PAPER

कक्षा :– 12वीं
विषय :– हिन्दी

पूर्णांक :– 80
समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | **आरोह भाग –2 काव्य खण्ड**<br>पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियां,<br>काव्य पाठों पर आधारित प्रश्न, कवि परिचय एवं पद्यांश की व्याख्या | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 2 | **आरोह भाग –2 गद्यखण्ड**<br>गद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियां, विकास क्रम (गद्य की विधाओं का परिचय )<br>गद्य पाठों पर आधारित प्रश्न, लेखक परिचय एवं अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न।<br>लेखक परिचय एवं गद्यांश की व्याख्या । | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 3 | **वितान भाग – 2**<br>पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न। | 7 | 5 | 1 | – | – | 1 |
| 4 | **अभिव्यक्ति और माध्यम**<br>पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न। | 7 | 5 | 1 | – | – | 1 |
| 5 | **काव्य बोध** – रस परिचय एवं उसके प्रकार,<br>अंलकार परिचय व प्रकार, मानवीकरण, पुनरुक्ति प्रकाश, संदेह, भ्रांतिमान, विरोधाभास,<br>छन्द परिचय एवं प्रकार (दोहा, चौपाई, सोरठा, कवित्त, सवैया)<br>शब्दशक्ति – परिचय व प्रकार<br>शब्द गुण – परिचय व प्रकार | 9 | 5 | 2 | – | – | 2 |
| 6 | **भाषा बोध** –<br>मुहावरे एवं लोकोक्तियां, विशेषण एवं क्रिया विशेषण, शब्दों के प्रकार – तत्सम, तद्भव, प्रत्यय, उपसर्ग, क्षेत्रीय शब्द, तकनीकी शब्द, पर्यायवाची शब्द, निपात शब्द,<br>वाक्य परिचय एवं प्रकार – (अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार एवं वाक्य परिवर्तन एवं वाक्य शुद्धिकरण, भाव पल्लवन और सार संक्षेपण,<br>राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विज्ञापन लेखन, संवाद लेखन, अनुच्द लेखन। | 12 | 5 | 2 | 1 | – | 3 |
| 7 | **अपठित बोध**– (गद्यांश /काव्यांश) पर आधारित प्रश्न। | 3 | – | – | 1 | – | 1 |
| 8 | **पत्र लेखन**– औपचारिक / अनौपचारिक संबंधित पत्र लेखन। | 4 | – | – | – | 1 | 1 |
| 9 | **अनुच्छेद लेखन एवं निबंध लेखन**– (रचनात्मक लेखन) | 4 | – | – | – | 1 | 1 |
| | कुल योग | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18+5=23 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश –**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उप इकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी –

| | | |
|---|---|---|
| अतिलघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 [illegible] | लगभग 120 शब्द |

2. 40 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 प्रतिशत पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्न, 20 प्रतिशत विश्लेषणात्मक प्रश्न होगें।
3. सत्र 2021–22 हेतु कम किये गये पाठ्यक्रम से प्रश्न पत्र में प्रश्न न दिये जाये।
4. पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रायोजना कार्य हेतु 20 अंक आवंटित है।

D:\Vidyochit Data\Seema Gaur\Blue Print 2021-2022 Final\Class 12.docx 1

# **प्रश्न बैंक**

## **विषय :** हिन्दी विशिष्ट

**कक्षा** : 12 वीं **पूर्णांक** : 80अंक

- **इकाई : 1 काव्य खंड (कुल आवंटित अंक-17)**
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न : $6x1 = 6$ अंक,**
- **अति लघु उत्तरीय प्रश्न-$2x2 = 4$ अंक**
- **लघु उत्तरीय प्रश्न-$1x3 = 3$ अंक,**
- **विश्लेषणात्मक प्रश्न -$1x4 = 4$**
- **कुल प्रश्न - 4**
- **नोट - काव्य खंड के पाठ -पतंग, सहर्ष स्वीकारा है, बादल राग से कोई भी प्रश्न, प्रश्नपत्र में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।**

**प्रश्न-1- सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

1. 'साँसों के दो तार' प्रतीक हैं -

   A. जीवन B. जिज्ञासा

   C. उपेक्षा D. अपेक्षा

2. कवि हरिवंश राय बच्चन उन्मादों में क्या लिए फिरते हैं -

   A. अवसर B. अवसाद

   C. एहसास D. एहसान

3. 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!' कविता में कवि हताश और दु:खी है -

   A. प्रियतमा की निष्ठुरता के कारण B. पत्नी से बिछुड़ जाने के कारण

   C. संतान सुख से वंचित होने के कारण D. परिवार से बिछुड़ने के कारण

4. शीघ्र अपने बच्चों के पास पहुँचने की इच्छा चिड़िया की किस क्रिया से प्रकट होती है -

   A. चहचहाने से B. तेज उड़ने से

   C . जल्दी दाना चुगने से D. पंख फड़फड़ाने से

5. दिए गए शब्दों के जोड़ों में विरोधाभास मूलक जोड़ा **नहीं** है -

   A. रोदन में राग B. शीतल वाणी में आग

   C. उन्माद में अवसाद D. रति में रंग

6. पाठ्य पुस्तक में संकलित गीत 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' उद्धृत है -

A. एकांत संगीत  B. निशा निमंत्रण

C. सतरंगिणी  D. मधुशाला

7. निम्नलिखित में से विशेषता कुँवर नारायण की कविताओं में **<u>नहीं</u>** पाई जाती -

A. संयम  B. परिष्कार

C. साफ़- सुथरापन  D. अख़बारी सतहीपन

8. कवि कुँवर नारायण से शरारती बच्चे के समान खेल रही थी -

A .हंसी  B.बात  C.भाषा  D.चूड़ी

9. 'अब मुसुकुराएंगे हम' पंक्ति में 'हम' है -

A. कवि  B. दर्शक  C. अपाहिज  D. दूरदर्शन

10. 'कैमरे में बंद अपाहिज' में करुणा के मुखोटे में छिपी की कविता है -

A. दया की  B. धोखे की  C. क्रूरता की  D. परोपकार की

11. 'उषा' का जादू टूटने का कारण है -

A. सूर्योदय  B. सूर्यास्त  C. मंद-मंद हवा  D. ओस

12. संपूर्ण समाज को गरीबी ने घेर रखा है -

A. रावण रूप में B. ताड़का रूप में  C. पिशाच रूप में  D. सुरसा रूप में

13. 'लक्ष्मण-मूर्छा और राम का विलाप' में भाषा का प्रयोग हुआ है -

A. ब्रज  B. अवधी  C. हिंदी  D. संस्कृत

14. तवाज़ुन कायम है -

A. प्रेम का  B. आदर्शों का

C. नियमों का  D.फ़ितरत का

15. 'फ़िराक गोरखपुरी' चमक की बात कर रहे हैं -

A. मोतियों की  B. शेरों की  C. हीरो की  D. तारों की

16. माँ अपने प्यारे बेटे को लिए खड़ी है -

A. घर के मंदिर में  B. घर की छत पर

C. घर के आंगन में  D. घर के द्वार पर

17. 'बगुलों के पंख' कविता में आकाश में छाया छाई है -

A. गहरे  B. काले

C. नीले  D. दूधिया

**प्रश्न-2- निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य/असत्य लिखिए:**

1. 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है' कविता में दिन का पंथी सूर्य को माना गया है।
2. थका हुआ पंथी  रात की आशंका से भयभीत रहता है।
3. सीधी सी बात छन्दों के चक्कर में फंस गई।
4. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में दूरदर्शन पर व्यंग्य किया गया है।
5. 'उषा' कविता के कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' है।
6. नींद से जागा हुआ कुंभकरण रावण के समान लग रहा था।
7. कवितावली सात खंडों में विभाजित है।
8. फ़िराक़ गोरखपुरी की रुबाइयां शृंगार रस पर आधारित है।
9. ग़ज़ल उर्दू साहित्य की महत्वपूर्ण विधा है।
10. छायावाद के प्रवर्तक जयशंकर प्रसाद हैं।
11. साहित्य का रसायन सम्मान है।
12. बगुलों के पंख कवि के मन को चुराए जाते हैं।
13. छायावाद में वैयक्तिक भावना प्रबल है जबकि प्रगतिवाद में सामाजिक भावना।
14. डॉ नगेंद्र ने छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' कहा है।
15. प्रयोगवाद के प्रवर्तक शमशेर बहादुर सिंह हैं।

**प्रश्न-3- एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है?
2. 'सरोज स्मृति' नामक रचना किस कवि ने की है?
3. प्रकृति का मानवीकरण किस वाद की प्रमुख विशेषता है।
4. खड़ी बोली का प्रतिष्ठित रूप किस युग में प्रकट हुआ।
5. खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौन-सा है?
6. सामान्य से सामान्य विषयों पर कविता लेखन किस युग की विशेषता है?
7. 'सांसों के दो तीर' किसके प्रतीक है?
8. भाषा के साथ-साथ बात कैसी होती गई?
9. 'सब घर एक कर देने' का क्या आशय है?
10. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता दूरदर्शन  किस मनोवृत्ति को दर्शाती है?
11. 'कवितावली' के उत्तरकांड में कौन-सा छंद है?

12. अपाहिज से दूरदर्शन कार्यक्रम-संचालक किस प्रकार के प्रश्न पूछता है?

13. 'उषा' कविता में प्रातः कालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है?

14. कवि उमाशंकर जोशी ने अपने खेत में कौन-सा बीज बोया?

15. 'रुबाइयां' कविता में किसके लच्छे चमक रहे हैं?

**प्रश्न-4- रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. कवि हरिवंश राय बच्चन को _______संसार नहीं भाता है। (पूर्ण/अपूर्ण)
2. कैमरा एक साथ______और ______ को रोते हुए दिखाता है। (दर्शक/अपाहिज/वक्ता)
3. संसार में पुन: सहोदर_______ नहीं मिलता। (भाई/मित्र)
4. प्रगतिवादी कवि शोषितों के प्रति______तथा शोषकों के प्रति_______का भाव रखते हैं। (सहानुभूति/आक्रोश/दानवता)
5. हिंदी का पहला महाकाव्य________है।(महाभारत/पृथ्वीराज रासो)
6. कविता का खिलना भला _______ क्या जाने! (फूल /कवि)
7. ज़ोर ज़बरदस्ती से बात की ________मर गई। (चूड़ी/ अंगूठी)
8. प्रयोगवाद का प्रारंभ सन् _______से माना जाता है।(1936/1946)
9. शास्त्रीय भाषा (संस्कृत) में सर्जन-क्षमता होने के बावजूद भी गोस्वामी तुलसीदास ने _________व _________को साहित्य रचना के माध्यम के रूप में चुना। (ब्रज/मैथिली/अवधी)
10. तुलसी के अनुसार संसार के अच्छे-बुरे समस्त लीला-प्रपंचों का आधार_______है। (पेट की आग/जंगल की आग)
11. लक्ष्मण को निहारते हुए श्री राम_________के समान विलाप करते हैं। (सामान्य व्यक्ति/विशिष्ट व्यक्ति)
12. आंगन में मचलते बच्चे का मन _______पर ललचा गया।(चांद/दही)
13. रात में पसरा सन्नाटा अपनी ________अपनी व्यक्त कर रहा है।(कल्पना/वेदना)
14. फ़िराक की ग़ज़लों पर मुग्ध होकर लोग कहते हैं, 'तुमने इतनी अच्छी______कहां से सीख ली?'(चित्रकारी/शायरी)
15. कवि उमाशंकर जोशी को कागज़ का पन्ना एक _______की तरह लगता है। (चौकोर खेत/ खाली जीवन)

**प्रश्न-5- सही जोड़ी बनाकर लिखिए :**

**(1)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| A. जयशंकर प्रसाद | 1) तार सप्तक |
| B. सुमित्रानंदन पंत | 2) महाप्राण |
| C. अज्ञेय | 3) प्रकृति के सुकुमार कवि |
| D. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | 4) गुजराती कविता |
| E. उमाशंकर जोशी | 5) छायावाद के प्रवर्तक |

**(2)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| A. क्या भूलूं क्या याद करूं | 1) आत्मजयी |
| B. कुंवर नारायण | 2) लोग भूलते गये हैं |
| C. रघुवीर सहाय | 3) कुछ कविताएं |
| D. शमशेर बहादुर सिंह | 4) गंगोत्री |
| E. उमाशंकर जोशी | 5) हरिवंश राय बच्चन |

**(3)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| A. राष्ट्रप्रेम का भाव | 1) द्विवेदी युग |
| B. खड़ी बोली का विकास | 2) छायावाद |
| C. कल्पना की प्रधानता | 3) भारतेंदु युग |
| D. यथार्थ का चित्रण | 4) प्रयोगवाद |
| E. नए-नए उपमानों का प्रयोग | 5) प्रगतिवाद |

(4)

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| A. कागज़ का एक पन्ना | 1) शेर |
| B. रुबाइयां | 2) चौकोर खेत |
| C. ग़ज़ल | 3) उषा |
| D. नए बिंब एवं अपमान | 4) छंद |
| E. गीत | 5) हालावाद |

- **काव्य खण्ड से दो अति लघु उत्तरीय प्रश्न**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $2x2 = 4$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 30** शब्द

1. 'उषा' कविता में गांव की शोभा कैसी बताई गई है?
2. 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखोटे में छुपी क्रूरता की कविता है। आशय स्पष्ट कीजिए।
3. बात को कील की तरह ठोंकना क्या है? ऐसा क्यों किया जाता है?
4. वानरों की व्याकुलता के दो कारण लिखिए।
5. कवितावली में बताई गई दो आर्थिक समस्याओं को लिखिए।
6. शमशेर की कविता के आधार पर गांव की सुबह की दो विशेषताएं लिखिए।
7. चिड़ियों के बच्चे नीड़ों से क्यों झांकते हैं?
8. चिड़ियां चंचल क्यों हो रही हैं?
9. 'परदे पर वक्त की कीमत है' कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार के प्रति अपना नज़रिया किस रूप में रखा है?
10. 'निज उर के उद्गार' से कवि का क्या तात्पर्य है?
11. कवि को उद्गार और उपहार क्यों प्रिय है?
12. बच्चन जी को संसार क्यों प्रिय नहीं है?
13. संसार की विषमताओं के बीच कवि कैसे जी रहे हैं?
14. कवि ने रावण की तुलना किससे की है और क्यों?
15. तुलसी को हाय-हाय करने की नौबत क्यों आयी?

- **काव्य खंड से एक लघु उत्तरीय प्रश्न (कवि परिचय)**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $1x3 = 3$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 75 शब्द**

- **निम्नलिखित साहित्यकारों (कवियों) के साहित्यिक परिचय दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लिखिए :**
  - साहित्यिक परिचय हेतु बिन्दु :

    i. दो प्रमुख रचनाएं ii. भाषा और शैली iii. साहित्य में स्थान
  - साहित्यकारों के नाम :

    1. गोस्वामी तुलसीदास 2. शमशेर बहादुर सिंह 3. हरिवंश राय बच्चन

    4. कुंवर नारायण 5. रघुवीर सहाय ।

- **काव्य खंड निम्न पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए -**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $1x4 = 4$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 120 शब्द**

1) मैं जग - जीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ!

2) मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ,
हों जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।

3) मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचला?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता हैं!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

4) ज़ोर ज़बरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी!

5) खेते न किसान को, भिखारी को न भीख,
बलि, बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी
जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहैं एक एकन सों ' कहाँ जाई, का करी ?'

6) कथा कही सब तेहिं अभिमानी। जेहि प्रकार सीता हरि आनी।।
तात कपिन्ह सब निसिचर मारे । महा महा जोधा संघारे ।।
दुर्मुख सुररिपु मनुज अहारी। भट अतिकाय अकंपन भारी।।
अपर महोदर आदिक बीरा। परे समर महि सब रनधीरा।।

दोहा

सुनि दसकंधर बचन तब कुंभकरन बिलखान।
जगदंबा हरि आनि अब सठ चाहत कल्यान।।

7) कल्पना के रसायनों को पी
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

8) झूमने लगे फल,
रस अलौकिक,
अमृत धाराएँ फुटतीं
रोपाई क्षण की,
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से ज़रा भी नहीं कम होती।
रस का अक्षय पात्र सदा का
छोटा मेरा खेत चौकोना।

- **<u>इकाई : 2</u> गद्‍यखण्ड (कुल आवंटित अंक-17)**
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 6x1 = 6 अंक,**
- **अति लघु उत्तरीय प्रश्न– 2x2 = 4 अंक**
- **लघु उत्तरीय प्रश्न–1x3 =3 अंक,**
- **विश्लेषणात्मक प्रश्न –1x4 = 4**
- **कुल प्रश्न - 4**
- **<u>नोट - गद्‍य खंड के पाठ -काले मेघा पानी दे, चार्ली चैप्लिन यानी हम सब,नमक से कोई भी प्रश्न, प्रश्नपत्र में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।</u>**

**प्रश्न 1- सही विकल्प चुनकर लिखिए:**

1. 'भक्तिन' रेखाचित्र में वर्णित पंचायतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. अयोग्य हैं।
   2. पंचायतें गूंगी और लाचार है।
   3. अपने स्वार्थों को पूरा करती हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   A. केवल 1 B. केवल । और 2

   C. केवल । और 3 D. 1,2 और 3
2. निबंध 'बाज़ार' दर्शन' में पैसे को कहा गया है -

   A. हाथ की मैल है B. शैतान का जाल है

   C. चकाचौंध है D. पावर है
3. 'बाज़ारूपन' से अभिप्राय है -

   A. बाजार से अनावश्यक वस्तुएँ खरीदना

   B. बाजार से आवश्यक वस्तुएँ खरीदना

   C. बाज़ार को सजाकर आकर्षक बनाना

   D. बाजार में ही विचरण करना
4. पहलवान के गांव में बीमारी फैल गई थी -

   A. मलेरिया और हैजा

   B. मलेरिया और डेंगू

   C. हैजा और चेचक

   D. चेचक और प्लेग

5. लुट्टन सिंह ने नामी पहलवान को हराया था -

A. छोटे सिंह को B. काला खां को

C. चॉद सिंह को D. राजा साहब को

6. बाजार के जादू की ओर सबसे ज्यादा आकर्षित इन्द्रि है -

A. ऑख B.कान C.नाक D.जीभ

7. 'पहलवान की ढोलक' कहानी की शुरुआत में किस ऋतु का उल्लेख मिलता है?

A. बसंत B.ग्रीष्म C.वर्षा D.शीत

8. हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार कवि वही है जो-

1) अनासक्त योगी रह सके

2) मस्त और बेपरवा रह सके

3) छंद और तुक जोड़ सकें

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

A. केवल B. 1 केवल 2 C. केवल 3 D. 1 और 2

9. शिरीष के फूल' निबंध के आधार पर शिरीष के फूल और शिरीष के फल में क्या अंतर है/हैं?

1) शिरीष का फूल संस्कृत साहित्य में बहुत कोमल माना जाता है तथा शिरीष के फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते।

2) शिरीष का फूल केवल भौंरों के पदों का कोमल दबाव सहन कर सकता है तथा शिरीष के फल केवल पक्षियों का दबाव सह सकते हैं।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

A. केवल 1 B. केवल 2 C. 1 और 2 D. सभी ग़लत हैं

10. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अनुसार भारतीय समाज में बेरोजगारी और भुखमरी का कारण क्या है?

A. पूंजीवाद B.जातिवाद C. सांप्रदायिकता D.आधुनिकता

11. ‘जातिवाद’ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1) जाति-प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण करती है।

2) मनुष्य को जीवन-भर के लिए एक पेशे में बांध भी देता है।

3) यह प्रतिकूल परिस्थितियों में मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता देता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा / से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2 C. केवल 1 और 3 D. 1,2 और 3

12. बाबा साहेब के अनुसार आदर्श समाज की स्थापना के लिए क्या जरूरी है?

A. स्वतंत्रता B. समानता C. भाईचारा D. उपर्युक्त सभी

13. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित ‘बाणभट्ट की आत्मकथा’ किस विधा पर आधारित है?

A. जीवनी B. आत्मकथा C. उपन्यास D. संस्मरण

14. गांव की भाषा-संस्कृति और वहां के लोक जीवन को उजागर करने वाले साहित्यकार कौन है?

A. जगदीश चंद्र माथुर B. फणीश्वर नाथ ‘रेणु’

C. मोहन राकेश D. उपेंद्रनाथ ‘अश्क

15. भीमराव अंबेडकर के अनुसार 'दासता’ का संबंध निम्नलिखित में से किससे **नहीं** है?

A. समाज से B. कानून से C. धन से। D. शिक्षा से

**प्रश्न-2- निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य / असत्य लिखिए :**

1. भक्तिन की सत्य निष्ठा ने उसे सत्यवादी हरिश्चंद्र बना दिया था।
2. लछमिन की माता का नाम अंजना था।
3. भारत सरकार द्वारा जैनेंद्र कुमार को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
4. श्रृंखला की कड़ियां’ निबंध-संग्रह में महादेवी वर्मा ने स्त्री-विमर्श को लेकर निबंध लिखें।
5. संस्मरण विधा में कल्पनिकता का अत्यधिक प्रभाव देखने को मिलता है।
6. जैनेंद्र कुमार ने अर्थशास्त्र को अनीति शास्त्र की संज्ञा दी है।
7. लुट्टन का पालन-पोषण उसकी सास ने किया था।
8. अमलतास को आरग्वध भी कहा जाता है।

9. कर्णाट-राज की प्रिया विज्जिका देवी कालिदास और कबीर के अतिरिक्त किसी को भी कवि स्वीकार नहीं करती।
10. 'शिरीष के फूल' निबंध के अंत शिरीष की तुलना सुमित्रानंदन पंत से की गई है।
11. दूध और पानी के मिश्रण को भाईचारे का प्रतीक माना गया है।
12. "मैं पढ़-लिखकर वकील बनूंगा, अछूतों के लिए नया कानून बनाऊंगा और छुआछूत को खत्म करूंगा" यह कथन बालक भीमराव का है?

**प्रश्न-3- रिक्त स्थानों में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. लुट्टन_______को अपना गुरु मानता था।(ढोलक/ काला खां)
2. सामान जरूरत के हिसाब से नहीं_______के हिसाब से आता है।(पर्चेजिंग पावर/क्वालिटी)
3. महादेवी वर्मा का जन्म उत्तर प्रदेश के _______में हुआ था।(लखनऊ/फर्रुखाबाद)
4. भक्तिन के पिता का नाम_______था। (सरजू/सूरमा)
5. मनुष्य अपनी_________ मनोवृति के कारण अनावश्यक खरीदारी करता है। (आर्थिक/सामाजिक)
6. 'बाजार दर्शन' पाठ में ________ की चर्चा की गई है।(वस्तु/ग्राहक)
7. कुत्ते शरीर को सिकोड़कर जाड़े की _________की ढेरी में सो रहे थे।(राख/रजाई)
8. गद्य में काव्य की-सी भावप्रवणता, आत्मपरकता और विषय प्रधानता _________में पायी जाती है। (ललित निबंध/ व्यंग्य निबंध)
9. ___________मूलत: सामूहिक जीवनचर्या की एक रीति तथा समाज के सम्मिलित अनुभवों के आदान-प्रदान का नाम है।(लोकतंत्र/दासता)
10. रेखाचित्र को अंग्रेज़ी में_______कहा जाता है।(स्केच/ड्राइंग)

**प्रश्न-4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:**

1. 'पहलवान की ढोलक' का मुख्य पात्र कौन है?
2. आधुनिक युग के प्रेमचंद के रूप में किसे जाना जाता है?
3. साहित्यकारों की निकटता, आत्मीयता और प्रभाव का कलात्मक उल्लेख महादेवी वर्मा की किस रचना में मिलता है?
4. सेवा धर्म में भक्तिन किस पौराणिक देवता से स्पर्धा करती है?
5. साहित्य में नवजागरण काल किस युग से संबंधित है?
6. हिन्दी गद्य के उत्कर्ष का सूर्योदय किस युग को कहा जाता है?
7. फ़िज़ूल सामान को फ़िज़ूल समझने वाले लोगों को क्या कहा गया हैं?

8. शिरीष अपने लिए रस कहां से प्राप्त करता है?
9. प्राचीन 'कर्णाट राज्य' का आधुनिक नाम क्या है?
10. हाय, वह अवधूत आज कहाँ है?' इस पंक्ति में अवधूत शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?
11. श्यामनगर के दंगल में लुट्टन ने किसे हराया था?
12. विख्यात भाषण **एनीहिलेशन ऑफ कास्ट**(1936) को पुस्तिका के रूप में वितरित किया गया था। इस पुस्तिका के लेखक का नाम लिखिए।

**प्रश्न-5- सही जोड़ी बनाकर लिखिए :**

**1.**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| A. भक्तिन<br>B. बाजार दर्शन<br>C. पहलवान की ढोलक<br>D. शिरीष के फूल<br>E. मैला आंचल | 1. कहानी<br>2. स्मृति की रेखाएं<br>3. हजारी प्रसाद द्विवेदी<br>4. जैनेंद्र कुमार<br>5. आंचलिक उपन्यास |

**2.**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| A. निबंध<br>B. संस्मरण<br>C. कहानी<br>D. समालोचना<br>E. उपन्यास | 1. उपविधा<br>2. परीक्षा गुरु<br>3. रामचंद्र शुक्ला<br>4. उसने कहा था<br>5. अशोक के फूल |

**3.**

| **कॉलम A**<br>**पत्रिका** | **कॉलम B**<br>**संपादक** |
|---|---|
| A. कवि वचन सुधा | 1. महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| B. हिंदी प्रदीप | 2. प्रताप नारायण मिश्र |
| C. आनंद कादंबिनी | 3. बालकृष्ण भट्ट |
| D. ब्राह्मण | 4. भारतेंदु हरिश्चंद्र |
| E. सरस्वती | 5. बदरीनारायण चौधरी |

4

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| A. मुंशी प्रेमचंद | 1. वेदना और करुणा |
| B. जयशंकर प्रसाद | 2. यात्रा वृत्तान्त |
| C. रामचंद्र शुक्ल | 3. कथा सम्राट |
| D. महादेवी वर्मा | 4. नाटक सम्राट |
| E. राहुल सांकृत्यायन | 5. निबंध सम्राट |

**5.**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| A. कलम का सिपाही | 1. हिंदी की पहली कहानी |
| B. एक घूंट | 2. हरिशंकर परसाई |
| C. इंदुमती | 3. प्रेमचंद |
| D. आधुनिक युग की मीरा | 4. हिंदी की पहली एकांकी |
| E. व्यंग्यकार | 5. महादेवी वर्मा |

- **गद्य खंड से दो अति लघु उत्तरीय प्रश्न**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $2x2 = 4$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 30 शब्द**

1) "भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा।" महादेवी के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
2) भक्तिन और महादेवी वर्मा के पारस्परिक संबंधों को सेवक- स्वामी संबंध क्यों नहीं कहा जा सकता?
3) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या है? वह इसे लोगों से क्यों छुपाती है?
4) भक्तिन के स्वभाव की दो विशेषताएं लिखिए।
5) विमाता ने भक्तिन को उसके पिताजी की मृत्यु का समाचार देर से क्यों भेजा?
6) भक्तिन के प्रति सास का अप्रत्याशित अनुग्रह क्या था?
7) 'मन खाली हो, तब आ जाना जाओ।' जैनेंद्र कुमार ने ऐसा क्यों कहा है?
8) बाजार की सार्थकता किस पर निर्भर है?
9) बाजार जाते समय हमें किन किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए? बाजार दर्शन पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।
10) लुट्टन पहलवान ने ढोल को अपना गुरु क्यों कहा?
11) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में गांव वालों को कौन-कौन से संकट का सामना करना पड़ा?
12) कहानीकार फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने महामारी फैलने से पूर्व और उसके बाद के सूर्योदय और सूर्यास्त में क्या अंतर बताया है?
13) लुट्टन सिंह की कीर्ति दूर-दूर तक कैसे फैली गई?
14) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में महामारी ग्रस्त गांव की बेबसी का चित्रण कीजिए।
15) शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों माना गया है?
16) शिरीष का फूल संस्कृत साहित्य में कैसा माना जाता है?
17) लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कालिदास को महान कवि क्यों कहा है?
18) जगत के अतिपरिचित और अतिप्रमाणिक सत्य क्या हैं?
19) 'शीतपुष्प' किसे कहा जाता है? और क्यों?
20) डॉ. अम्बेडकर में आदर्श समाज के कितने तत्व बताएं हैं? उन तत्वों के नाम लिखिए।
21) 'भातृता' का क्या महत्व है?

22) जाति प्रथा समाज में कैंद्र समस्याओं को जन्म देती हैं?

23) डॉ. अम्बेडकर के मतानुसार 'दासता' की परिभाषा लिखिए।

- **गद्य खंड से एक लघु उत्तरीय प्रश्न (लेखक परिचय)**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $1x3 = 3$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 75 शब्द**

निम्नलिखित साहित्यकारों (लेखकों) के साहित्यिक परिचय दिए गए बिंदुओं के आधार पर लिखिए :

- **साहित्यिक परिचय हेतु बिंदु :**

i. दो प्रमुख रचनाएं ii. भाषा और शैली iii. साहित्य में स्थान

**<u>साहित्यकारों के नाम :</u>** 1) जैनेंद्र कुमार 2) महादेवी वर्मा

3) फणीश्वर नाथ 'रेणु' 4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

- **गद्य खंड से निम्न गद्यांशों की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए -**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $1x4 = 4$ अंक शब्द सीमा : लगभग 120 शब्द**

i. एक-एक बार मुझे मालूम होता है कि यह सिर्फ एक अद्भुत अवधूत है । दु:ख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हज़रत ना जाने कहां से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पति शास्त्री ने मुझे बताया कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमंडल से अपना रस खींचता है। ज़रूर खींचता होगा। नहीं, तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतु जाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे होगा सकता था?

ii. अवधूतों के मुंह से ही संसार की सबसे सरस रचनाएं निकली हैं। कबीर बहुत-कुछ शिरीष के समान ही थे, मस्त और बेपरवा, पर सरस और मादक। कालिदास भी ज़रूर अनासक्त योगी रहे होंगे। शिरीष के फूल फक्कड़ाना मस्ती से ही उपज सकते हैं और 'मेघदूत'का काव्य उसी प्रकार के अनासक्त अनाविल उन्मुक्त हृदय में उमड़ सकता है।

iii. जो कभी अनासक्त नहीं रह सका, जो फक्कड़ नहीं बन सका, जो किए-कराए का लेखा-जोखा मिलाने में उलझ गया, वह भी क्या कवि है? कहते हैं कर्णाट- राज प्रिया विज्जिका देवी ने गर्व पूर्वक कहा था कि एक कवि ब्रहमा थे, दूसरे वाल्मीकि और तीसरे व्यास। एक ने वेदों को दिया, दूसरे ने रामायण को और तीसरे ने महाभारत को।

iv. भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटाना सके और ऐसा सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अँधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दु:ख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए।

v. बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीज़ों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं उस वक्त जेब भरी हो,तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है!

vi. यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति-शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति-ही बाज़ार को देते हैं। न तो वे बाज़ार से लाभ उठा सकते हैं न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं। जिसका मतलब है कि कपट बढ़ाते हैं। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी।

vii. रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस खयाल से ढोलक बजाता हो, किंतु गाँव के अद्र्धमृत, औषधि-उपचार-पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े-बच्चे-जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पंदन-शक्तिशून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी। अवश्य ही ढोलक की आवाज में न तो बुखार हटाने का कोई गुण था और न महामारी की सर्वनाश शक्ति को रोकने की शक्ति ही, पर इसमें संदेह नहीं कि मरते हुए प्राणियों को आँख मूंदते समय कोई तकलीफ़ नहीं होती थी, मृत्यु से वे डरते नहीं थे।

- **इकाई : 3 वितान – 2 (कुल आवंटित अंक–07)**
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्नः $5x1 = 5$ अति लघु उत्तरीय प्रश्न– $1x2 = 4$ अंक**
- **<u>वितान 2 के पाठ -डायरी के पन्ने से कोई भी प्रश्न, प्रश्नपत्र में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।</u>**

**प्रश्न -1-सही विकल्प चुनकर लिखिए:**

1. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी की मूल संवेदना क्या है?
   A. पीढ़ी का अंतराल    B. पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव
   C भौतिकता का प्रभाव    D. हाशिए पर धकेले जाते मानवीय मूल्य
2. यशोधर बाबू के व्यक्तित्व के संबंध में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:
   i. उनमें एक द्वंद्व है, जिसके कारण नया उन्हें कभी-कभी खींचता तो है, पर पुराना छोड़ता नहीं।
   ii. वे एक आदर्श व्यक्तित्व है, और नए-नए विचारों को अपनाने से परहेज़ नहीं करते हैं।
   iii. वे परंपरागत ढर्रे पर चलने के कारण बदलाव पसंद नहीं करते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन यशोधर बाबू के व्यक्तित्व का समर्थन करते है/हैं?**

   A. कथन i और ii    B. कथन ii और iii
   C. कथन i और iii    D. केवल कथन iii
3. यशोधर बाबू अपने परिवार से क्या अपेक्षा करते थे?
   A. आज्ञा पालन करें    B. परंपराओं का पालन करें
   C. सम्मान करें    D आधुनिकता को स्वीकार करें
4. यशोधर बाबू सर्वप्रथम किस पद पर नियुक्त हुए हैं?
   A. क्लर्क    B. बॉय सर्विस
   C. सहायक क्लर्क    D. सेक्शन ऑफिसर
5. यशोधर बाबू की दशा द्वारिका से लौटे सुदामा जैसी कब हो गई थी?
   A. तीर्थ यात्रा से घर पहुंचने पर    B. सब्जी लेकर घर पहुंचने पर
   C. ऑफिस से घर पहुंचने पर    D. किशनदा के घर से लौटने पर
6. आनंद यादव की कक्षा के मॉनिटर का क्या नाम था?
   A. चव्हाण पाटील    B. मनोहर पाटील
   C. वसंत पाटील    D. राव पाटील

7. 'जूझ' उपन्यास मूलतः किस भाषा में लिखा गया है?

A. हिन्दी B. अंग्रेज़ी C. मराठी D. गुजराती

8. 'जूझ' उपन्यास किस शैली में लिखा गया है?

A. पत्रात्मक B. वर्णनात्मक C.नाटकीय D.आत्मकथात्मक

9. आनंदा की मां के अनुसार उसके पिता जंगली सूअर की तरह क्यों गुर्राने लगते हैं?

A. स्कूल न जाने पर B. गृहकार्य न करने पर

C. पढ़ाई की बात करने पर D. घूमने जाने की बात पर

10. "क्या नाम है मेहमान? नया दिखाई देता है। या गलती से इस कक्षा में बैठे हो?"

उपर्युक्त कथन कक्षा में किसने,किससे कहे?

A. आनंदा ने चव्हाण के लड़के से कहे B. चव्हाण के लड़के ने आनंदा से कहे

C.चव्हाण के लड़के ने वसंत पाटील से कहे D. राव के आनंदा से कहें

11. 'अतीत में दबे पांव'रचना किस रूप में लिखी है?

A. जीवनी और संस्मरण रूप में B. आत्मकथा और डायरी रूप में

C. संस्मरण और रेखाचित्र रूप में D. यात्रा वृतांत और रिपोर्ट रूप में

12. मुअनजोदाड़ो से प्राप्त हुई नर्तकी की मूर्ति किस राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी हुई है?

A. दिल्ली संग्रहालय में B. लंदन संग्रहालय में

C. इस्लामाबाद संग्रहालय में D. मद्रास संग्रहालय में

13. नदी, कुएँ, स्नानागार और बेजोड़ निकासी व्यवस्था को देखते हुए लेखक ओम थानवी ने सिंधु घाटी सभ्यता निम्न में से किसकी संज्ञा दी है?

A. मानसरोवर B. गंगोत्री C. जल-संस्कृति D. नदी-तीर संस्कृति

14. सिंधु सभ्यता की प्रमुख विशेषता क्या है?

A. सौंदर्य बोध B. संस्कृति बोध C. सभ्यता बोध D. नगर बोध

15. सिंधु घाटी सभ्यता में कपास की खेती की जाती थी। यह बात खुदाई में मिले किस अवशेष से प्रमाणित होती है?

A. कपास के बीज B. सूती वस्त्र C. कपास के शिला चित्र D.रूई

16. सारे गाँव भर में लेखक के घर सबसे पहले कोल्हू चलता था, इस संदर्भ में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

अ. उनके गुड़ की मांग बहुत ज्यादा होने तथा अच्छी आमदनी के लिए।

ब. उनका गुड़ बहुत अच्छा नहीं था | अतः बाजार में ज्यादा गुड़ आ जाने पर उसके गुड़ को कोई नहीं खरीदता था |

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल अ B. केवल ब

C. अ और ब दोनों D. कोई भी सही नहीं है

**प्रश्न 2- निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य / असत्य लिखिए :**

1. लेखक मनोहर श्याम जोशी ने यशोधर बाबू को किशनदा का मानस पुत्र कहा है।
2. यशोधर बाबू को बेटे भूषण की सब्जी लाने जाया करें वाली बात चुभ गई।
3. यशोधर बाबू की पत्नी अक्सर बच्चों का ही साथ देती थी।
4. यशोधर बाबू जीवन में मौज मस्ती के पक्षधर थे।
5. 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश है।
6. लेखक आनंद यादव ने कक्षा पांचवी में दाखिला लिया।
7. लेखक ने पढ़ाई के लिए सबसे पहले अपनी मां से बात की।
8. लेखक के पिता का नाम रत्नाप्पा था।
9. मुअनजोदाड़ो की गलियों तथा घरों को देखकर लेखक को राजस्थान का ख्याल आया।
10. सिंधु घाटी सभ्यता में संतरे और अमरूद फल उगाए जाते थे।

**प्रश्न 3- रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. 'सिल्वर वैडिंग'के कथानायक_______को अपना आदर्श मानते थे। (किशन दा/ गिरीश)
2. 'सिल्वर वैडिंग में भूषण ने अपने पिता को उपहार में________दिया। (ऊनी ड्रेसिंग गाउन/ऊनी स्वेटर)
3. सौंदलगेकर _______भाषा (विषय) के शिक्षक थे। (अंग्रेजी/मराठी)
4. शर्त के अनुसार पाठशाला जाने से पहले आनंदा को सवेरे _______ बजे तक खेत में काम करना होता था। (11बजे/12बजे)
5. आनंदा के कक्षाध्यापक का नाम________था। (मंत्री/वी.पंत)
6. भग्न इमारत में ________खंभे हैं। (17/20)
7. यशोधर बाबू मूल रूप से_______के रहने वाले थे। (गोरखपुर/कुमाऊं)
8. मुअनजो-दाड़ो से सिंधु नदी _______की दूरी पर बहती है। (5किमी/12 किमी)
9. 'जूझ' कहानी में लेखक के घर कोल्हू _______के बाद शुरू होता था। (दशहरे/दिवाली)
10. 'जूझ' कहानी में लेखक अध्यापक_______की प्रेरणा से कवि बन गये। (सौंदलगेकर/आनंद कुमार यादव)

**प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. यशोधर बाबू का तकिया कलाम वाक्यांश क्या है?
2. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
3. 'जूझ' उपन्यास के हिंदी अनुवादक का नाम लिखिए।
4. खुदाई से प्राप्त गेहूं का रंग कैसा है?
5. मुअनजोदाड़ो के वास्तुकला की तुलना किस नगर से की गई है?
6. 'जूझ' कहानी मुख्यतः लेखक की किस प्रवृत्ति को उजागर करती है?
7. ईख से गुड़ ज्यादा निकले इसलिए गांव के अन्य किसान क्या करते थे?
8. कागज और पेंसिल न होने पर लेखक कविता कैसे लिखते थे?
9. यशोधर बाबू के बच्चों के अनुसार साइकिल कौन चलाते हैं?
10. वी.डी.पंत किसका नाम है?

**प्रश्न 5- सही जोड़ी बनाकर लिखिए :**

**(1)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. सिल्वर वेडिंग | A मराठी साहित्यकार |
| 2. जूझ | B ऐन फ्रैंक |
| 3. अतीत में दबे पांव | C लंबी कहानी |
| 4. डायरी के पन्ने | D उपन्यास के अंश |
| 5. डॉ.आनंद यादव | E यात्रा वृतांत |

**(2)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. कृष्णानंद पांडे | A यशोधर बाबू का साला |
| 2. भूषण | B किशनदा |
| 3. पहाड़गंज | C यशोधर बाबू का बेटा |
| 4. गिरीश | D सब्जी बाजार |
| 5. ड्रेसिंग गाउन | E सिल्वर वेडिंग |
| 6. मनोहर श्याम जोशी | F उपहार |

(3)

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. भग्न इमारत | A उपासना केंद्र |
| 2. ज्ञानशालाएं | B सचिवालय |
| 3. बड़ा घर | C समाज पोषित |
| 4. सिंधु सभ्यता | D कॉलेज ऑफ प्रीस्टस |

- **वितान भाग –2 से एक अति लघु उत्तरीय प्रश्न**
- **प्रश्न पर आवंटित अंक : $1x2 = 2$ अंक**
- **शब्द सीमा : लगभग 30 शब्द**

1. यशोधर बाबू के **तकिया कलाम** वाक्यांशों में से कोई चार वाक्यांश लिखिए।
2. आनंदा को उसके पिता ने पाठशाला जाने से क्यों रोक दिया?
3. **असीक** के फूल से क्या आशय है?
4. फ्रिज के संबंध में यशोधर बाबू के क्या विचार है?
5. अपने आसपास के उन सुविधाजनक और आधुनिक साधनों के बारे में लिखिए, इन साधनों को बुजुर्ग क्यों पसंद नहीं करते हैं?
6. यशोधर बाबू ने किशनदा से जिन जीवन मूल्यों को पाया था,वह आपके लिए भी कैसे उपयोगी हो सकते हैं?
7. 'जूझ' कहानी में आपको किस पात्र ने सबसे अधिक प्रभावित किया? उसके चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।
8. 'जूझ' कहानी से किशोर-किशोरियां कौन से जीवन मूल्य ग्रहण कर सकते हैं?
9. श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की वे दो विशेषताएं लिखिए, जिन्होंने लेखक के मन में कविता के प्रति रुचि जगाई?
10. यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की विशेषताएं लिखिए।
11. लेखक ने सिंधु घाटी सभ्यता को 'जल–संस्कृति' कहा है। आप लेखक के पक्ष में है या विपक्ष में? अपने विचार लिखिए।
12. पुरातत्ववेत्ताओं ने किस भवन को 'कॉलेज ऑफ प्रीस्ट्रस' कहा है?
13. मुअनजो-दाड़ो और चंडीगढ़ के नगर शिल्प की समानताओं को लिखिए।
14. मुअनजो-दाड़ो को देखते-देखते लेखक को किसकी याद आ गई?

15. मुअनजो-दाड़ो में बड़े-घरों में भी छोटे–छोटे कमरे होने का क्या कारण हो सकता है?

## ➢ इकाई : 4 अभिव्यक्ति और माध्यम (कुल आवंटित अंक–07)

➢ **वस्तुनिष्ठ प्रश्नः $5x1 = 5$, अति लघु उत्तरीय प्रश्न– $1x2 = 2$ अंक**

**प्रश्न 1- निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

1. इंटरनेट पत्रकारिता आजकल बहुत लोकप्रिय है क्योंकि,

अ. इससे दृश्य एवं प्रिंट दोनों माध्यमों से खबरें बहुत तीव्र गति से पहुँचाई जाती हैं, इससे खबरों की पुष्टि तत्काल होती है।

आ. इससे न केवल खबरों का संप्रेषण, पुष्टि, सत्यापन ही होता है बल्कि खबरों के बैकग्राउंडर तैयार करने में तत्काल सहायता मिलती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/ से कथन सही है/है?**

A. केवल अ B. केवल आ C. अ और आ D.कोई नहीं

2. वर्तमान छापेखाने का आविष्कार निम्न में से किसने किया?

A गुटेनबर्ग ने B. 3 चिनमिन ने

C. निहाल सिंह ने D. जॉनसन ने

3. समाचार लेखन की कौन सी शैली सबसे प्रभावशाली है?

A. वर्णनात्मक शैली B. विवेचनात्मक शैली

C. पिरामिड शैली D. उल्टा पिरामिड शैली

4. क्रिकेट मैच का प्रसारण किस प्रकार का प्रसारण है?

A. फोन इन B. एंकर पैकेज

C. सीधा प्रसारण D. एंकर वाइट

5. निम्नलिखित में से नाटक की महत्त्वपूर्ण विशेषता कौन सी है?

A. चरित्र चित्रण B. समय के बंधन से मुक्त

C. समय का बंधन D. कथा का तारतम्य

6. निम्न में से किसका संबंध कविता से **नहीं** है?

A. शब्द B. भाषा C. छंद D. वाद्य यंत्र

7. कहानी मानव मन की किन वृत्तियों को शांत करती है?

A. भूख और ईर्ष्या को B. जिज्ञासा और करुणा को

C. वैमनस्य और चिंता को D. जिज्ञासा और उत्सुकता को

8. कहानी का पहला तत्व किसे माना गया है?

A. कथानक B. चरित्र चित्रण

C. कथनोपकथन D. भाषा शैली

9. रेडियो नाटकों में निम्नलिखित में से क्या महत्वपूर्ण है-

A संवाद B. ध्वनि प्रभाव C. मंच सज्जा D. A और B

10. विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति कौशल कैसे प्राप्त होता है?

A नया सोचने और नया लिखने से B. पुराने निबंधों के अनुसरण से

C. निबंध को याद करके D. परंपरागत विषयों पर लिखकर

**प्रश्न 2- निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य /असत्य लिखिए :**

1. भारत का पहला छापाखाना दिल्ली में लगाया गया।
2. समाचार पत्र का संपादन करने वाला संवाददाता कहलाता है।
3. पूर्णकालिक पत्रकार किसी समाचार संगठन में काम करने वाला नियमित वेतन भोगी कर्मचारी होता है।
4. कविता का अनिवार्य तत्व 'लय' है।
5. प्रतिशोध का सशक्त माध्यम रंगमंच है।
6. कथानक का स्वरूप-प्रारंभ, मध्य और अंत में विभक्त होता है।
7. कहानीकार घटनाओं में यथार्थ का मिश्रण करता है।
8. कहानी और नाटक मिलती-जुलती विधा है।
9. रेडियो नाटक के तीन अंग होते हैं।
10. अप्रत्याशित विषय पर लिखने के पूर्व विषय के बारे में अच्छी तरह से सोच विचार कर लेना चाहिए।

**प्रश्न 3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. उल्टा पिरामिड शैली में समाचार कितने भागों में बांटा जाता है?
2. टेलीविजन के लिए खबर लेखन की मौलिक शर्त क्या है?
3. तथ्यों, सूचनाओं तथा आंकड़ों की गहरी छानबीन करने वाली रिपोर्ट को क्या कहते हैं?
4. भारत की पहली मूक फिल्म कौन सी थी?

5. सुमित्रानंदन पंत ने कविता के लिए किस प्रकार की भाषा को आवश्यक माना है?
6. नाट्य शास्त्र के अनुसार नाटक के प्रत्येक अंक की अवधि कितनी होनी चाहिए?
7. भारत में कौन सा ग्रंथ कहानियों की दृष्टि से लोकप्रिय है?
8. कहानी लिखना सीखने का सबसे कारगर तरीका कौन सा है?
9. 'अंधा युग' के रचयिता कौन है?
10. आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होती है?

**प्रश्न 4- रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. हिंदी में नेट पत्रकारिता______दुनिया के साथ आरंभ हुई। (वैब/एप)
2. समाचार पत्र प्रकाशित करने के लिए आख़िरी समय सीमा को______कहा जाता है। (हेड लाइन/डेडलाइन)
3. खबर को संपूर्णता के साथ प्रस्तुत करने को__________कहा जाता है। (एंकर पैकेज/फोन इन)
4. भारत में पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय_________को जाता है। (राज कपूर/दादासाहेब फालके)
5. कविता का मूल तत्व________ है। (संवेदना/सौंदर्य)
6. नाटक के संवाद हमेशा_______ और _________होने चाहिए। (छोटे/प्रभावशाली/बड़े/क्लिष्ट)
7. ईदगाह कहानी के लेखक________है। (प्रेमचंद/सुदर्शन)
8. रेडियो नाटक में पात्रों की संख्या _______होती है। (बहुत कम/बहुत अधिक)
9. आधुनिक कहानियों को________कहते हैं। (गल्प/आख्यायिका)
10. घटनाओं के तंतु जाल को_______कहते हैं। (संचारी भाव/कथावस्तु)

**प्रश्न 5- सही जोड़ी बनाकर लिखिए : (1)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. संपादकीय | A. 1556 |
| 2. फ्रीलांसर | B. 1936 |
| 3. ऑल इंडिया रेडियो | C. 1913 |
| 4. भारत का पहला छापाखाना | D. समाचार पत्र की आवाज |
| 5. पहली मूक फिल्म | E. अलग-अलग अखबारों में लेखन |

(2)

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. शब्दों में मेलजोल | A. छंद |
| 2. आंतरिक लय | B. नाटक |
| 3. दृश्य काव्य | C. संवाद |
| 4. नाटक का प्राण तत्व | D. पंचतंत्र |
| 5. शिक्षाप्रद कहानियां | |
| | E. कविता |

(3)

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. अभिनेयता | A स्वागत कथन |
| 2. वायस ओवर | B ध्वनि नाटक |
| 3. रेडियो नाटक | C. नाटक |
| 4. आत्मपरक शैली | D. समाचार लिखने की शैली |
| 5. उल्टा पिरामिड शैली | E. अप्रत्याशित विषयों पर लेखन |

- अति लघु उत्तरीय प्रश्न – **1x2 = 2 अंक**
- शब्द सीमा : लगभग 30 शब्द

1. फ़्लैश या ब्रेकिंग न्यूज़ से क्या तात्पर्य है?
2. समाचार लेखन के कितने ककारें हैं? नाम लिखिए।
3. जनसंचार के प्रमुख साधन कौन-कौन से हैं?
4. चित्र →



**उपर्युक्त चित्र समाचार लिखने की किस शैली को प्रदर्शित करता है? और क्यों?**

5. फ़ीचर किसे कहते हैं?
6. संपादन के सिद्धांत लिखिए।
7. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए।
8. संपादकीय का क्या महत्व है?
9. समाचारों के स्रोत से क्या तात्पर्य है?
10. खोजपरक पत्रकारिता किसे कहते हैं?
11. पत्रकारिता में 'मुखड़ा' किसे कहते हैं?
12. रेडियो रूपक किसे कहते हैं?
13. अच्छी कहानी की विशेषताएं लिखिए।
14. नाटक के कितने तत्व होते हैं? नाम लिखिए।
15. नाटक में संवादों का क्या महत्व है?

- इकाई : 5 काव्य बोध (कुल आवंटित अंक – 09)
- वस्तुनिष्ठ प्रश्न : $5x1 = 5$,
- अति लघु उत्तरीय प्रश्न – $2x2 = 4$ अंक

**प्रश्न-1- सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

1. दुर्मिल सवैया छंद के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किन-किन लक्षणों का होना आवश्यक है-

    **अ.** इसके प्रत्येक चरण में 23 वर्ण होते हैं।

    **आ.** हर चरण में सात भगण (ऽ।।) और दो गुरु वर्ण होते हैं।

    **इ.** प्रत्येक चरण में 8 सगण के योग से 24 वर्ण होते हैं।

**निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-**

A. केवल अ　　B. केवल आ　　C. अ और आ　　D. केवल इ

2. श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे।

    शोक अपना भूलकर करतल-युगल मलने लगे॥

**उपर्युक्त पंक्तियों में अनुभाव पहचानिए -**

A. श्री कृष्ण के वचन.　　B.अर्जुन का शोक

B. C.करतल युगल मलना　　D.अर्जुन का क्रोध

3. यशोदा हरि पालने झुलावै। हलरावै दुलरावै जोइ-सोई कुछ गावै।
उपर्युक्त पंक्ति में आश्रय की चेष्टा को दिए गए विकल्पों में से चयन कीजिए-

A. पुत्र के प्रति स्नेह B. माता यशोदा

C. कृष्ण का पालना D. कृष्ण को पालने में झुलाना

4. निम्नलिखित वाक्यों में निहित अलंकारों की पहचान कर अलंकारों का सही क्रम, दिए गए विकल्पों में से चयन कीजिए

1) मुख चंद्रमा के समान है

2) मुख मानो चंद्रमा है

3) मुख ही चंद्र है

A. उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक. B. उपमा ,रूपक , उत्प्रेक्षा

C. रूपक , उत्प्रेक्षा , उपमा D. उत्प्रेक्षा , उपमा, रूपक

5. **'वाणी में आग लिए फिरता हूं'** प्रस्तुत पंक्ति के लिए निम्न में से कौन सा कथन **असत्य** है?

अ. कवि की वाणी शीतल है परंतु उसके मन में विद्रोह के भाव है।

आ. पंक्ति में विरोध न होते हुए भी विरोध का अभाव है।

इ. पंक्ति में उपमेय और उपमान के मध्य भ्रम प्रस्तुत करने का प्रयास।

A. केवल अ B. केवल आ C. केवल इ D. अ और आ

6. कवित्त छंद की लय के आधार पर इसे निम्न में से और क्या कहा जा सकते हैं?

A. ललित B. मनहरण C. मनोहर D. मत्तगयंद

7. चरणों में निहित मात्राओं के आधार पर दोहे किस प्रकार का छंद है?

A. सम मात्रिक, B. अर्द्धसम मात्रिक C. अर्द्ध मात्रिक D. विषम मात्रिक

8. माधुर्य काव्य गुण किन रसों में पाया जाता है?

A. श्रृंगार रस B. वीर रस में C. हास्य रस में D. करुण रस में

9. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शक्ति का प्रकार **नहीं** है?

A. अभिधा B. लक्षणा C. व्यंजना D. प्रसाद

10. निम्नलिखित में से क्या लक्षणा में शामिल **नहीं** है?

A. मुख्यार्थ में बाधा B. मुख्यार्थ एवं लक्ष्यार्थ में संबंध

C. रूढ़ या प्रयोजन D. व्यंग्यार्थ

11. प्रस्तुत को देखकर किसी विशेष समानता के कारण किसी दूसरी वस्तु का भ्रम हो जाता है, में भ्रांतिमान अलंकार होता है। निम्नलिखित विकल्पों में से भ्रांतिमान के उपयुक्त उदाहरण का चयन कीजिए

    A. चाहत चकोर सूर ओर,दृग छोर करि।
    B. विरह है अथवा यह वरदान।
    C. चरण-सरोज पखारन लागा।
    D. ज्यों-ज्यों बूढ़े स्याम रंग,त्यों-त्यों उज्जवल होय।

12. शृंगार रस के प्रभाव पर विचार कीजिए तथा **असंगत** कथन का चयन कीजिए :

    A. प्रेम और सौंदर्य से परिपूर्ण
    B. माधुरी एवं कोमलता का गुण
    C. जगत की निस्सारता का भाव
    D. मिलन और बिछोह का भाव

**प्रश्न 2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. 'मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ में कौन सा अलंकार है?
2. 'आत्म परिचय' कविता किस शैली में लिखी गई?
3. 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
4. 'तैरती सांझ' में कौन-सा अलंकार है?
5. चालीस चौपाइयों वाली रचना को क्या कहा जाता है?
6. दोहे को उल्टा करने से कौन सा छंद बन जाता है?
7. संचारी भाव की संख्या कितनी मानी गई है?
8. 22 से 26 वर्ण वाले छंद को क्या कहा जाता है?
9. काव्य गुणों की संख्या कितनी मानी गई?
10. व्यंग्यार्थ को प्रकट करने वाली शब्द शक्ति क्या कहलाती है?
11. कविता में रुकने एवं आगे बढ़ने के नियम को क्या कहते हैं?

**प्रश्न 3- रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. जब यह निश्चय न हो कि उपमेय वास्तव में उपमेय है या उपमान है,तो वहां _______अलंकार होता है। (संदेह/भ्रांतिमान)
2. रुबाई उर्दू और फारसी की लेखन शैली है, जिससे_______भी कहते है। (छंद/ग़ज़ल)
3. ग़जल में लिखी जानी वाली हर लाइन या पंक्ति________ कहलाती है। (मिसरा/काफिया)

4. गजल में लिखे जाने वाले हर दो मिसरे के समूह को_______ कहते हैं। (शेर/काफिया)
5. जो गुण काव्य में जोश एवं ओज उत्पन्न करता है, वह _________ कहलाता है | (प्रसाद गुण/ओज गुण)
6. आश्रय की चेष्टाओं ________ कहलाती है। (अनुभाव/उद्दीपन)
7. नाट्य शास्त्र में भरत मुनि ने ________रसों का उल्लेख किया है। (आठ/नौ)
8. अचेतन प्रकृति को कवि मानवीय भाव के माध्यम से जब चेतन कर देता है, तो वह___________अलंकार कहलाता है। (अन्योक्ति/मानवीकरण)
9. मात्राओं की संख्या पर आधारित छंद को _________कहते हैं। (मात्रिक छंद/वर्णिक छंद)
10. जिन पंक्तियों को पढ़कर मन में ममता के भाव, उत्पन्न हो,वहां__________रस होता है। (करुण/वात्सल्य)
11. स्थाई भाव को पुष्ट करने वाले निर्वेद, शंका, हर्ष आदि भाव __________कहलाते हैं। (संचारी भाव/स्थायी भाव)
12. जिस काव्य के प्रत्येक पद स्वतंत्र एवं अपने आप में पूर्ण हो वह _________की श्रेणी में आता है। (मुक्त छंद/मुक्तक छंद)

**प्रश्न 4- निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य /असत्य लिखिए :**

1. अलंकार के मुख्यतः तीन भेद होते हैं।
2. जो अलंकार शब्द और अर्थ दोनों पर आश्रित रहकर, दोनों को चमत्कृत करते हैं वहां अर्थालंकार होता है।
3. ‘ट', 'ठ', 'ड', 'ढ' वर्णों के प्रयोग का सम्बन्ध ओज काव्य गुण से है।
4. मुहावरों और लोकोक्तियों में जिस शब्द-शक्ति के माध्यम से अर्थ ग्रहण किया जाता है, वहां व्यंजना शब्द शक्ति होती है।
5. स्थायी भाव को तीव्र करने वाले कारक को उद्दीपन कहते हैं।
6. ‘कवित्त’ एक मात्रिक छंद है।
7. सोरठा छंद के प्रत्येक चरण में 161-6 मात्राएं होती है।
8. कविता का आभूषण अलंकार है।
9. रस को काव्य की आत्मा कहा गया है।
10. ओज गुण शांत रस की कविताओं में पाया जाता है।

**प्रश्न-5- सही जोड़ी मिलाकर लिखिए : (1)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. रसराज | A .मुक्त छंद |
| 2. कैमरे में बंद अपाहिज | B. श्रृंगाार रस |
| 3. वात्सल्य | C. दसवां रस |
| 4. चंद्रकला | D. चार |
| 5. रस के अंग | E. दुर्मिल सवैया |

**(2)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. कवित्त छंद | A. 23 वर्ण |
| 2. घनाक्षरी छंद | B. 32 वर्ण |
| 3. दोहा छंद | C. 31 वर्ण |
| 4. चौपाई छंद | D. 16-16 मात्राएं |
| 5. मत्तगयंद छंद | E. 24 मात्राएं |

**(3)**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. कोमलकांत पदावली | A. करुण रस |
| 2. चंपू काव्य | B. माधुर्य गुण |
| 3. महाकाव्य | C. श्रृंगाार रस |
| 4. रति | D. सर्गोबद्ध रचना |
| 5. शोक | E. गद्य पद्य मिश्रित |

- अति लघु उत्तरीय प्रश्न – $2x2 = 4$ अंक
- **शब्द सीमा : लगभग 30 शब्द**

1. रस किसे कहते हैं? रस के अंगों के नाम लिखिए।
2. मानवीयकरण अलंकार की परिभाषा लिखिए।
3. विरोधाभास अलंकार की विशेषताएं लिखिए।
4. संदेह एवं भ्रांतिमान अलंकार में अंतर लिखिए।
5. संदेह अलंकार का उदाहरण लिखिए।
6. भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।
7. विरोधाभास अलंकार की विशेषताएं लिखिए।
8. विरोधाभास अलंकार का उदाहरण लिखिए।
9. छंद किसे कहते हैं? इसके भेद लिखिए।
10. दोहा छंद के प्रमुख लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।
11. मत्तगयंद सवैया के लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।
12. अभिधा शब्द शक्ति एवं लक्षणा शब्द शक्ति में क्या अंतर है? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।
13. शब्द गुण या काव्य गुण की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए।
14. ओज गुण का एक उदाहरण लिखिए
15. प्रसाद गुण संपन्न कविताओं की क्या विशेषताएं हैं?
16. कोमलकांत पदावली का प्रयोग किन कविताओं में किया जाता है?

## इकाई : 6 भाषा बोध (कुल आवंटित अंक - 12)

- वस्तुनिष्ठ प्रश्न : $\mathbf{5x1 = 5}$,
- अति लघु उत्तरीय प्रश्न – $\mathbf{2x2 = 4}$ अंक
- लघु उत्तरीय प्रश्न – $\mathbf{1x3 = 3}$

**प्रश्न 1- सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

1. 'बात का धनी होना' मुहावरे का अर्थ है-

   A. बहुत पैसे वाला B. बातों से कमाई करने वाला

   C. जुबान का पक्का D. खानदानी

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मुहावरा है?

A. घी के दिये जलाना  B. ऊंट के मुंह में जीरा

C. थोथा चना बाजे घना  D. अधजल गगरी छलकत जाए

3. 'तन पर नहीं लत्ता पान खाए कलकत्ता' का क्या अर्थ है?

A. बहुत गरीब  B. झूठा दिखावा

C. बुरी आदत में पढ़ना  D. बहुत महंगा होना

4. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं-

A. दो B. तीन C. पांच D. आठ

5. 'वह फटाफट गाड़ी पर चढ़ गया।'इसमें 'फटाफट' क्या है?

A. रीतिवाचक क्रिया विशेषण  B. गुण वाचक क्रिया विशेषण

C. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण  D. कालवाचक क्रिया विशेषण

6. यह लड़के दिनभर उधम मचाते हैं, पंक्ति में 'दिन भर' क्या है?

A. निश्चयवाचक विशेषण  B. रीतिवाचक क्रिया विशेषण

C. कालवाचक क्रिया विशेषण  D. परिणाम वाचक क्रिया विशेषण

7. जिन शब्दों के लिखित स्रोत नहीं मिलते उन्हें कहते हैं?

A. तत्सम  B. तद्भव  C. देशज  D. विदेशी

8. संस्कृत भाषा से हिंदी में बिना परिवर्तन आए शब्द कहलाते हैं-

A. संस्कृत  B. तत्सम  C. तद्भव  D. देशज

9. ' एक रात को ढोलक की आवाज नहीं सुनाई पड़ी।'यह किस प्रकार का वाक्य है?

A. विधान वाचक  B. निषेधवाचक  C. इच्छा वाचक  D. संदेह वाचक

10. 'कंधा' शब्द का तत्सम रूप क्या होगा?

A. कक्षु  B. कंधु  C. स्कंध  D. स्नायु

**प्रश्न 2- रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. संदेह या संभावना प्रकट करने वाले वाक्य________कहलाते हैं। (संदेह वाचक/संकेत वाचक)
2. जिन वाक्यों में आज्ञा का भाव होता है वे_________वाक्य होते हैं। (इच्छा वाचक/आज्ञा वाचक)
3. एक क्रिया से दूसरे क्रिया पर निर्भर रहने वाले वाक्यों को _______वाक्य कहते हैं। (संकेत वाचक/विधान वाचक)

4. उपसर्ग का प्रयोग शब्द के_______में होता है। (आदि/अंत)
5. मां द्वारा सीखी गई भाषा को_________कहते हैं। (राजभाषा/मातृभाषा)
6. सरकारी कामकाज की भाषा_________कहलाती है। (विभाषा/राजभाषा)
7. ________का प्रयोग हमेशा वाक्य के बीच में होता है। (मुहावरे/लोकोक्ति)
8. ________पूर्ण वाक्यांश है। (लोकोक्ति/मुहावरा)
9. भाषा शब्द की मूल धातु_______है। (भाषे/भाष्)
10. लुट्टन की गर्दन पर केहुनी डालकर चांद '**चित्त**' करने की कोशिश कर रहा था, पंक्ति में रेखांकित शब्द का अर्थ का आशय ________से है। (हराने/मन)

**प्रश्न-3- सत्य/ असत्य लिखिए :**

1) मालवी और निमाड़ी क्षेत्रिय भाषाएं हैं।
2) पर्चेज़िंग पावर विदेशी भाषा का शब्द है।
3) जहां किसी शब्द की एक से अधिक बार आवृत्ति हो, वे शब्द पूर्ण पुनरुक्त शब्द होते हैं।
4) 'उजास' शब्द का हिंदी मानक रूप उजाला है।
5) मुहावरों को आवश्यकतानुसार पर्यायवाची शब्दों में अनूदित किया जा सकता है।
6) लोकोक्ति पीछे कोई कहानी यह घटना अवश्य होती है।
7) 'उन्मुक्त' शब्द तत्सम भाषा का शब्द है।
8) उपसर्ग का प्रयोग शब्द या शब्दांश के पहले होता है।
9) प्रत्यय (धातु) किसी शब्द के बाद या पीछे प्रयोग किया जाता है
10) किसी व्यक्ति विशेष की विशेषता बताने वाले को क्रिया विशेषण कहते हैं।

**प्रश्न 4 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

a. नाक-भौं चढ़ाना मुहावरे का अर्थ लिखिए।
b. सागर और छतरपुर में बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषा कौन सी है?
c. जिस वाक्य में किसी बात का उल्लेख किया जाता है , अर्थ की दृष्टि से उस वाक्य को क्या कहते हैं?
d. मालवी बोली किन जिलों में बोली जाती है?
e. 'परमात्मा' के दो पर्यायवाची लिखिए।
f. रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

g. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार हैं?

h. 'मुझे **भी** किताब चाहिए' में रेखांकित शब्द क्या है?

i. एक भाषा के शब्दों के साथ दूसरी भाषा के शब्दों का मेलजोल क्या कहलाता है?

j. शब्दों के सार्थक समूह को क्या कहते हैं?

**प्रश्न -5-सही जोड़ी मिलाकर लिखिए :**

| कॉलम अ | कॉलम आ |
|---|---|
| 1.बहुत छोटे या सीमित क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा | A. संदेह वाचक वाक्य |
| 2. संस्कृत से हिंदी में परिवर्तन के साथ प्रयुक्त शब्द | B. तद्‌भव शब्द |
| 3.वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों | C. देशज शब्द |
| 4. खंडवा एवं खरगोन | D. बोली |
| 5. जलज | E. निपात |
| 6.जलद | F.कमल |
| 7. शब्दांश जो अर्थ पर बल देने के लिए प्रयोग किए जाते हैं | G. इच्छा वाचक वाक्य |
| 8. शुभ भावना या आशीर्वाद का भाव | H. विस्मयादिबोधक वाक्य |
| 9. विस्मय, आश्चर्य प्रेम का भाव | I. बादल |
| 10.संदेह या शंका का भाव | J. निमाड़ी |

## इकाईः 6 भाषा बोध अति लघु उत्तरीय प्रश्न- 2x2=4 अंक

- **शब्द सीमा-लगभग 30 शब्द।**

1. तत्सम शब्द किसे कहते हैं?
2. मुहावरे एवं लोकोक्तियां में क्या अंतर है?
3. विशेषण की परिभाषा लिखिए।
4. क्रिया विशेषण किसे कहते हैं?

5. तत्सम एवं तद्भव शब्दों में अंतर लिखिए।
6. बोली किसे कहते हैं?
7. मध्यप्रदेश में बोली जाने वाली बोलियों के नाम लिखिए।
8. नाचीज़ तथा दारूण शब्दों के अर्थ लिखिए।
9. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है? लिखिए।
10. निपात किसे कहते हैं?

➢ **लघु उत्तरीय प्रश्न- 1x3=3 (एक प्रश्न)**

**1.** निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए:

अ. लुट्टन ढोलक को अपना गुरु मानता है। (प्रश्नवाचक)

आ. अंग्रेज़ी का प्रश्नपत्र बहुत सरल है। (बिना भाव बदले निषेधात्मक)

इ. इस बार लेखक की रचना पत्रिका में छप जाए।(संदेह वाचक)

ई. ईमानदार व्यक्ति कभी झूठ नहीं बोलता। (संकेतवाचक)

उ. ढोलक की आवाज उसे उत्साहित करती है। (प्रश्नवाचक)

**2.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:

अ. में भयंकर भीड़ थी।

आ. हवा चल रही है।

इ. मैदान पर बच्चे खेल रहे हैं।

ई. यहां केसरिया दूध की लस्सी मिलती है।

उ. आपका भवदीय।

**3.** भाव पल्लवन कीजिए:

अ. को अपने अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है।

आ. चलाओ का अस्तित्व व्यवस्था का मोहताज नहीं है।

इ. जरा और मृत्यु दोनों ही जगह की अति परिचित और अति प्रमाणित सत्य हैं।

ई. किस्मत हमको रो लेवे है हम किस्मत को रो ले हैं।

# इकाई : 7 अपठित बोध (गद्य एवं पद्य) आवंटित अंक 03

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश /पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

1. नारी सृष्टि का आधार है। नारी के बिना संसार की हर रचना अपूर्ण तथा रंगतहीन है। वह मृदु होते हुए भी कठोर है, उसमें पृथ्वी जैसी सहनशीलता, सूर्य जैसा ओज तथा सागर जैसा गाम्भीर्य एक साथ दृष्टिगोचर होता है। नारी के अनेक रूप हैं, वह समाज कभी उन्नति नहीं कर सकता, जहाँ नारी को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता। नर और नारी गृहस्थी रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। इन दोनों के तालमेल से ही गृहस्थी का रथ सुचारु रूप से गतिमान रहता है।

**प्रश्न:**

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।
(ग) सृष्टि का आधार किसे कहा गया है?

2. बड़ी कठिन समस्या है। झूठी बातों को सुनकर चुप हो कर रहना ही भले आदमी की चाल है, परंतु इस स्वार्थ और लिप्सा के जगत में जिन लोगों ने करोड़ों के जीवन-मरण का भार कंधे पर लिया है वे उपेक्षा भी नहीं कर सकते। ज़रा सी गफलत हुई कि सारे संसार में आपके विरुद्ध जहरीला वातावरण तैयार हो जाएगा। आधुनिक युग का यह एक बड़ा भारी अभिशाप है कि गलत बातें बड़ी तेजी से फैल जाती हैं।

समाचारों के शीघ्र आदान-प्रदान के साधन इस युग में बड़े प्रबल हैं, जबकि धैर्य और शांति से मनुष्य की भलाई के लिए सोचने के साधन अब भी बहुत दुर्बल हैं। सो, जहाँ हमें चुप होना चाहिए, वहाँ चुप रह जाना खतरनाक हो गया है। हमारा सारा साहित्य नीति और सच्चाई का साहित्य है। भारतवर्ष की आत्मा कभी दंगाफसाद और टंटे को पसंद नहीं करती परंतु इतनी तेजी से कूटनीति और मिथ्या का चक्र चलाया जा रहा है कि हम चुप नहीं बैठ सकते।

अगर लाखों-करोड़ों की हत्या से बचना है तो हमें टंटे में पड़ना ही होगा। हम किसी को मारना नहीं चाहते पर कोई हम पर अन्याय से टूट पड़े तो हमें ज़रूर कुछ करना पड़ेगा। हमारे अंदर हया है और अन्याय करके पछताने की जो आदत है उसे कोई हमारी दुर्बलता समझे और हमें सारी दुनिया के सामने बदनाम करें यह हमसे नहीं सहा जाएगा। सहा जाना भी नहीं चाहिए। सो, हालत यह है कि हम सच्चाई और भद्रता पर दृढ़ रहते हैं और ओछे वाद-विवाद और दंगे-फसादों में नहीं पड़ते।

**प्रश्न :**

(क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(ख) लेखक ने किस से कठिन समस्या माना है और क्यों?

(ग) आधुनिक युग का अभिशाप किसे माना गया है और क्यों?

**3.** मानव समाज का सर्वोत्तम फल है। समाज एवं परिस्थितियाँ ही साहित्यकार के व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं। साहित्यकार की अनुभूति समाज एवं परिस्थितियों की देन होती है। ज्ञान-राशि के संचित कोष का नाम ही साहित्य है। साहित्य और समाज अन्योन्याश्रित है। साहित्य समाज का दर्पण है। मनुष्य जिस वातावरण में रहता है, उसका प्रभाव भी उस पर पड़ता है। समाज की ओर से आँखें मूंदकर साहित्यकार नहीं चल सकता। साहित्य समाज का दर्पण होने के नाते समयुगीन-परिस्थितियों का चित्र भी प्रतिबिम्बित करता है। साहित्यकार का कर्तव्य है कि वह अपने देशकाल एवं परिस्थितियों का सच्चा चित्र प्रस्तुत कर उसमें कल्पना का इन्द्रधनुषी रंग भर दे।

**प्रश्न:**

अ. साहित्यकार का क्या कर्तव्य है?

आ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

इ. गद्यांश का सारांश लिखिए।

**4.** संस्कार ही शिक्षा है। शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा, किन्तु यह विचारधारा हमारी मान्यता की विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकाकी है, इसमें व्यावहारिकता का अभाव है, श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए थी। अत: आज के परिवेश में यह आवश्यक हो गया है कि इन दोषों को दूर किया जाय अन्यथा यह दोष सुरसा के समान हमारे सामाजिक जीवन को निगल जायेगा।

**प्रश्न:**

A. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

B. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

C. अंग्रेजी शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

**5.** सफलता प्राप्ति का मूल मन्त्र है-अपने समय का सदुपयोग करना। सदुपयोग का अर्थ है-सही उपयोग। कार्य को समझ कर तुरन्त कार्य में लग जाना। जीवन में अनेक दबाव आते हैं, अनेक व्यस्तताएँ आती हैं। व्यस्तताओं से अधिक मन को आलस्य घेरता है। जो व्यक्ति व्यस्तताओं का बहाना बनाकर या आलस्य में घिरकर शुभ कार्यों को टाल देता है, उसकी सफलता भी टल जाती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच-समझकर योजनापूर्वक शुभ कार्यों की ओर निरन्तर कदम बढ़ाता चलता है, एक न एक दिन सफलता उसके चरण चूम लेती है। आज के काम को कल पर टालने की प्रवृत्ति सबसे घातक है। इस प्रवृत्ति के कारण मन में असन्तोष बना रहता है, अनेक कामों का बोझ बना रहता है और काम को टालने की ऐसी आदत बन जाती है कि शुभ कार्य करने की घड़ी आती ही नहीं।

**प्रश्न**

अ. सफलता प्राप्ति का मूल मन्त्र क्या है?
आ. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
इ. गद्यांश का सारांश लिखिए।

**6.** मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसके चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है ?
जिसके बड़े रसीले, फल, कन्द, नाज, मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है ?
जिसमे सुगन्ध वाले, सुन्दर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है ?
मैदान, गिरि, वनों में हरियालियाँ लहकती,
आनन्दमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?
जिसकी अनन्त धन से, धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है?

**प्रश्न :**

(क) भारत का मुकुट किसे कहा गया है ?

(ख) "सींचा हुआ सलोना' से क्या तात्पर्य है ?

(ग) भारत देश को संसार का शिरोमणि क्यों कहा गया है ?

7. अवसर है, स्वर्णिम सुयुग है, खो न इसे नादानी में.
रंगरेलियों में, छेड़छाड़ में, मस्ती में, मनमानी में।।
तरुण, विश्व की बागडोर ले तू अपने कठोर कर में,
स्थापित कर रे मानवती बर्बर नृशंस के उर में।
दंभी को कर ध्वस्त धरा पर अस्त-त्रस्त पाखंडों को,
करुणा शान्ति स्नेह सुख भर दे बाहर में, अपने घर में।
यौवन की ज्वाला वाले दे अभयदान पद दलितों को,
तेरे चरण शरण में आहत जग आश्वासन-श्वास गहे॥

**प्रश्न :**

(क) "यह अवसर है, स्वर्णिम सुयुग है' कवि ने किस अवसर को स्वर्णिम सुयुग कहा है ?

(ख) विश्व की बागडोर किसके हाथों में शोभा पाती है ? क्यों ?

(ग) "बाहर में, अपने घर में क्या भरने के लिए कहा गया है ?

(घ) "दे अभयदान पद दलितों को" पंक्ति को आशय स्पष्ट कीजिए।

## इकाई : 8 पत्र लेखन (औपचारिक / अनौपचारिक पत्र लेखन)

- **आवंटित अंक : 04 (प्रश्न संख्या -01)**

1. किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में भारतीय सेना के जवानों द्वारा किए जाने वाले कार्यों का वर्णन करते हुए सैनिकों की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

2. छात्र परिषद के अध्यक्ष के रूप में निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालय के सामने स्थित पार्क की सफाई और देखभाल की जिम्मेदारी लेने का प्रस्ताव रखिए।

3. सहकारी बैंक की शाखा अपने ग्राम में खोलने के लिए अनुरोध करते हुए जिला मुख्यालय में स्थित बैंक के प्रधान प्रबंधक को पत्र लिखिए। बैंक खोलने का औचित्य भी लिखिए।

4. अपने क्षेत्र के सांसद को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि आपके ग्राम में एक पुस्तकालय की स्थापना अपने सांसद निधि से करवाएं। इसका औचित्य भी समझाइए।

5. कुछ टीवी चैनल वैज्ञानिक चिंतन या तर्क के स्थान पर अंधविश्वास फैलाने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं। इन के दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए किसी समाचार पत्र को पत्र लिखकर इस प्रवृत्ति को रोकने का अनुरोध कीजिए।

6. आप किसी पर्यटक स्थल पर भ्रमण के लिए गए किंतु वहां की अस्वच्छता देखकर खिन्न हुए। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उक्त स्थल के पर्यटन अधिकारी को एक पत्र लिखिए और सुधार का अनुरोध कीजिए।

7. सार्वजनिक पद पर बने व्यक्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कुछ उपाय सुझाते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

8. सड़कों पर होने वाली दुर्घटना से बचाव के लिए परिवहन विभाग के सचिव को पत्र लिखिए।

9. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल को अंकसूची की द्वितीय प्रति हेतु पत्र लिखिए।

10. अपने विद्यालय के प्राचार्य को खेल सामग्री की व्यवस्था हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

11. अपने मित्र को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई संदेश लिखिए।

12. अपने पिताजी को अपनी पढ़ाई के संबंध में विस्तृत जानकारी पत्र द्वारा प्रेषित कीजिए।

## इकाई : 09 अनुच्छेद लेखन/निबंध लेखन (रचनात्मक लेखन)

- **इकाई पर आवंटित अंक : 04 (प्रश्न 1)**
- **शब्द सीमा : लगभग 120 शब्द**

1.लोकतंत्र और हमारा दायित्व

2. स्वच्छता अभियान

3.लोकतंत्र में चुनाव की भूमिका

4. इंटरनेट एक वरदान

5. भारतीय संस्कृति

6. महिला सशक्तिकरण

7. मेरा प्रिय लेखक

8. पुस्तकों का महत्व

9. प्रदूषण के दुष्परिणाम

10. हमें चाहिए अच्छे शिक्षक

11.मोबाइल के दुष्प्रभाव

12. हिंदी भारत की पहचान

13. भारत युवाओं का देश।

**उत्तरमाला :**

## ▪ इकाई :1 (पद्य खंड)

**1.सही विकल्प-**

**1.**A जीवन. **2** B . अवसाद **3.** D परिवार से बिछुड़ने के कारण **4.** B तेज उड़ान से **5.** D रति में रंग **6.** B निशा निमंत्रण **7.** D अख़बारी सतहीपन **8.** B बात **9.** D दूरदर्शन
**10.** C क्रूरता **11.** A सूर्योदय **12.** A रावण **13.** B अवधी
**14.** D फितरत **15.** B शेरों की **16.** C घर के आंगन में ,17 . B काले

2. **सत्य/असत्य-** 1. सत्य 2.सत्य 3.असत्य 4.सत्य 5.असत्य 6.असत्य 7.सत्य 8.असत्य 9.सत्य 10.सत्य 11.असत्य 12.असत्य 13. सत्य 14.सत्य 15.असत्य ।

3. **एक वाक्य में उत्तर-** 1. महादेवी वर्मा 2. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' 3.छायावाद 4. द्विवेदी युग 5. प्रियप्रवास 6. प्रयोगवाद 7.जीवन 8.पेचीदा 9. भेदभाव नहीं रखना 10. संवेदनहीनता 11.कवित्त 12. अर्थहीन 13. शंख के जैसा 14. शब्द रूपी बीज 15. राखी के ।

4. **रिक्त स्थान -**1.अपूर्ण संसार 2.दर्शक,अपाहिज 3.भाई 4.सहानुभूति,आक्रोश 5.पृथ्वीराज रासो 6.फूल 7.चूड़ी 8.1946 9.अवधी,ब्रज 10.पेट की आग 11.सामान्य व्यक्ति 12.चांद 13.वेदना 14.शायरी 15.चौकोर खेत ।

**5. सही जोड़ी -**1) A-5 छायावाद के प्रवर्तक ,B-3 प्रकृति के सुकुमार कवि, C-1 तार सप्तक ,D-2 महाप्राण, E-4 गुजराती कविता ।

2) A-5 हरिवंश राय बच्चन, B-1आत्मजयी, C-2 लोग भूलते गए हैं, D-3 कुछ कविताएं, E-4 गंगोत्री।

3) A-3 भारतेंदु युग, B-1 द्विवेदी युग, C-2 छायावाद, D-5 प्रगतिवाद ,E-4 प्रयोगवाद

4) A-2 चौकोर खेत, B-4 छंद, C-1 शे़र, D-3 उषा, E-5 हालावाद ।

## ▪ इकाई : 2 (गद्य खण्ड)

1. **सही विकल्प -** 1-.B केवल 1 और 2, 2.D पावर है, 3.A बाजार से अनावश्यक वस्तुएं खरीदना, 4.A मलेरिया और हैजा, 5.B काला खां, 6.A आंख, 7.D शीत, 8.D 1 और 2, 9.A केवल 1, 10.B जातिवाद, 11.B केवल 1 और 2, 12.D उपर्युक्त सभी, 13.C उपन्यास, 14.B फणीश्वरनाथ रेणु, 15. B कानून ।

*2.* **सत्य/असत्य -**1. असत्य, 2. असत्य 3. सत्य 4. सत्य 5. असत्य 6. सत्य 7.सत्य,8. सत्य 9. असत्य 10.असत्य 11.सत्य 12.सत्य ।

*3.* **रिक्त स्थान -1-**ढोलक,2-पर्चेज़िंग पावर,3-फर्रुखाबाद, 4-सूरमा, 5-आर्थिक, 6-ग्राहक ,7-राख, 8-ललित निबंध, 9-लोकतंत्र, 10-स्केच।

*4.* **एक वाक्य में उत्तर-**1-लुट्टन सिंह, 2-जैनेंद्र कुमार, 3-पथ के साथी, 4-हनुमान, 5-भारतेंदु युग, 6-द्विवेदी युग 7-संयमी, 8-वायुमंडल,9- कर्नाटक, 10- महात्मा गांधी,11-चांद सिंह,12-डॉ.भीमराव आंबेडकर।

*5.* **सही जोड़ी-** *1) A-2* स्मृति की रेखाएं *,B-4* जैनेंद्र कुमार, *C-1* कहानी, *D-3* हजारी प्रसाद द्विवेदी, *E-5* आंचलिक उपन्यास ।

*2) A-5* अशोक के फूल, *B-1* उपविधा,*C-4* उसने कहा था,*D-3* रामचंद्र शुक्ला,*E-2* परीक्षा गुरु।

*3) A-4* भारतेंदु हरिश्चंद्र,*B-3* बालकृष्ण भट्ट,*C-5* बद्रीनारायण चौधरी, *D-2* प्रताप नारायण मिश्र,*E-1* महावीर प्रसाद द्विवेदी।

*4) A-3* कथा सम्राट,*B-4,* नाटक सम्राट*C-5* निबंध सम्राट,*D-1* वेदना और करुणा,*E-2* यात्रा वृत्तान्त।

*5) A-3* प्रेमचंद,*B-4* हिंदी की पहली एकांकी,*C-1* हिंदी की पहली कहानी *,D-5* महादेवी वर्मा,*E-2* हरिशंकर परसाई।

## ▪ इकाई *: 3* (वितान भाग -2)

***1.*सही विकल्प-** *1-A* पीढ़ी का अंतराल*,2-C* कथन *i* और *iii* *,3-C* सम्मान करें*,4-B* बॉय सर्विस*,5-B* सब्जी लेकर घर पहुंचने पर*,6-C* वसंत पाटील*,7-C* मराठी*,8-D* आत्मकथात्मक*,9-C* पढ़ाई की बात करने पर*, 10-B* चव्हाण के लड़के ने आनंदा से कहा*,11-D* यात्रा वृतांत और रिपोर्ट रूप में*,*

*12-A* दिल्ली संग्रहालय में*,13-C* जल संस्कृति*,14-A* सौंदर्य बोध*,15-B* सूती वस्त्र*,16-B* केवल ब ।

*2.* **सत्य /असत्य -**1-सत्य,2-असत्य,3-सत्य,4-असत्य, 5-असत्य, 6-सत्य, 7-सत्य, 8-सत्य,9-सत्य,10-असत्य ।

*3.* **रिक्त स्थान-** : 1-किशनदा,2-ऊनी ड्रेसिंग गाउन,3-मराठी, 4-11 बजे, 5-मंत्री, 6-20,7-कुमाऊं, 8-5 कि.मी., 9-दिवाली, 10-सौंदलगेकर

*4.* **एक वाक्य में उत्तर -** 1-समहाउ इंप्रापर, 2-मनोहर श्याम जोशी, 3-केशव प्रथम वीर, 4-काला, 5-चंडीगढ़, 6-संघर्ष, 7-ईख को देर तक खेत में खड़े रहने देते थे, 8-लकड़ी के छोटे टुकड़े से भैंस की पीठ पर या पत्थर की शिला पर कंकड़ से,9-चपरासी, 10-यशोधर बाबू का।

*5.* **सही जोड़ी -** *(1) 1-C* लंबी कहानी, *2-D* उपन्यास के अंश, *3-E* यात्रा वृतांत, *4-B* ऐन फ्रैंक, *5-A* मराठी साहित्यकार.

*(2)1-B* किशन दा, *2-C* यशोधर बाबू का बेटा, *3-D* सब्जी बाजार, *4-A* यशोधर बाबू का साला, *5-F* उपहार, *6-E* सिल्वर वेडिंग.

*(3)1-B* सचिवालय, *2-D* कॉलेज ऑफ प्रीस्टस, *3-A* उपासना केंद्र, *4-C* समाज पोषित।

## इकाई *: 4* अभिव्यक्ति और माध्यम

*1.* **सही विकल्प-** *1-B* केवल आ , *2-A* गुटेनबर्ग, *3-D* उल्टा पिरामिड शैली, *4-C* सीधा प्रसारण, *5-C* समय का बंधन,*6-D* वाद्य यंत्र,*7-D* जिज्ञासा और उत्सुकता,*8-A* कथानक,*9-D A* और *B, 10-A* नया सोचने और नया लिखने से।

*2.* **सत्य/ असत्य-** 1-असत्य 2-असत्य *3*-सत्य 4-सत्य 5-सत्य 6-सत्य 7- असत्य 8-असत्य 9- असत्य 10-सत्य ।

*3.* **एक वाक्य में उत्तर-** *1*-तीन 2-दृश्य के साथ लेखन 3- इन डेप्थ रिपोर्ट 4-राजा हरिश्चंद्र 5-चित्रात्मक भाषा 6-*48* मिनट की 7-पंचतंत्र 8-अच्छी कहानी पढ़ना 9-धर्मवीर भारती 10- *15* से 30 मिनट ।

*4.* **रिक्त स्थान -** *1*-वैब 2-डेड लाइन 3-एंकर पैकेज 4-दादासाहेब फालके 5-संवेदना 6-छोटे और प्रभावशाली 7-प्रेमचंद 8-बहुत कम 9-आख्यायिका 10-कथानक।

*5.* **सही जोड़ी - (1)** *1-D* समाचार पत्र की आवाज *2-E* अलग-अलग अखबारों में लेखन *3-B 1936 4-A 1556 5- C 1913 ।*

**(2)** *1-E* कविता *2-A* छंद *3-B* नाटक *4-C* संवाद *5-D* पंचतंत्र ।

*(3) 1-C* नाटक *2-A* स्वागत कथन *3-B* ध्वनि नाटक *4-E* अप्रत्याशित विषयों पर लेखन *5-D* समाचार लिखने की शैली।

- **इकाई *: 5* काव्य बोध *-***

*1.* **सही विकल्प**- 1-*D* केवल इ *2- C* करतल युगल मलना

*3-D* कृष्ण को पालने में झूलाना *4-A* उपमा,उत्प्रेक्षा,रूपक

*5-C* केवल। इ *6-B* मनहरण *7-B* अर्द्ध सम मात्रिक *8-A* शृंगार *9-D* प्रसाद *10-D* व्यंग्यार्थ11-*A* चाहत चकोर सूर ओर,दृग छोर करि *12-C* जगत की निस्सारता/

*2.* **वाक्य में उत्तर*-*** *1*-रूपक 2-गीति शैली 3-पुनरुक्ति प्रकाश 4-मानवीकरण 5-चालीसा 6-सोरठा 7-*33 8*-सवैया 9-*3 10*-व्यंजना शब्द शक्ति 11-लय ।

*3.* **रिक्त स्थान*-*** *1*-संदेह 2-छंद 3-मिसरा 4-शेर 5-ओज गुण

6-अनुभाव 7- आठ 8-मानवीकरण 9-मात्रिक छंद 10-वात्सल्य 11-संचारी भाव 12-मुक्तक।

***4.* सत्य/असत्य-** 1-सत्य 2- असत्य 3-सत्य 4-असत्य 5-सत्य 6-असत्य 7-असत्य 8-सत्य 9-सत्य 10-असत्य ।

*5.* **सही जोड़ी*- (1)*** *1-B* शृंगार रस *2-A* मुक्त छंद *3-C* दसवां रस *4-E* दुर्मिल सवैया *5-D* चार।

***(2)*** *1-C 31* वर्ण *2-B 32* वर्ण *3-E 24* मात्राएं *4-D 16-16* मात्राएं *5-A 23* वर्ण ।

***(3)*** *1-B* माधुर्य गुण *2-E* गद्य पद्य मिश्रित *3-D* सर्गोबद्ध रचना *4-C* शृंगार रस *5-A* करुण रस ।

- **इकाई *: 6* भाषा बोध -**

***1.* सही विकल्प -** *1-C* जुबान का पक्का *2-A* घी के दिए जलाना *3-B* झूठा दिखावा *4-D* आठ *5-A* रीतिवाचक क्रिया विशेषण *6-C* कालवाचक क्रिया विशेषण *7-C* देशज *8-B* तत्सम *9-B* निषेधवाचक *10-C* स्कंन्ध ।

***2.* रिक्त स्थान-** *1*-संदेश वाचक 2-आज्ञा वाचक 3-संकेतवाचक 4-आदि 5-मातृभाषा 6-राजभाषा 7-मुहावरे 8-लोकोक्ति 9-भाष 10-हराने ।

***3.* सत्य/असत्य -***1* सत्य 2-सत्य 3- सत्य 4- सत्य 5-असत्य 6- सत्य 7- सत्य 8- सत्य 9-सत्य 10-असत्य ।

***4.* एक वाक्य में उत्तर-** *1*- चिढ़ना 2-बुंदेली 3-विधानवाचक वाक्य 4-देवास,इंदौर 5- ईश्वर और भगवान 6- तीन 7- आठ 8- निपात 9- कोड मिक्सिंग 10-वाक्य ।

***5.* सही जोड़ी -***1-D* बोली *2-B* तद्भव शब्द *3-C* देशज शब्द *4-J* निमाड़ी *5-F* कमल *6-I* बादल *7-E* निपात *8-G* इच्छा वाचक वाक्य *9-H* विस्मयादिबोधक वाक्य *10-A.*

*---------x--------*